## 18. <u>ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने की प्रक्रिया</u>:–

1. बोर्ड द्वारा उक्त विज्ञापन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं होने के उपरान्त भी अगर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन भर दिया है अथवा किसी भी कारण से परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहता है तो ऐसे आवेदकों को परीक्षा आयोजन से लगभग 01 माह पूर्व ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) करने हेतु 03 दिवस के लिए अवसर प्रदान किया जा सकता है। इस हेतु सूचना पृथक से बोर्ड की वेबसाईट के माध्यम से दी जायेगी। आवेदक SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recuitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

## 19. <u>विशेष योग्यजन/दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक/क्षतिपूरक समय उपलब्ध करवाये जाने के संबंध में विशेष निर्देशः–</u>

1. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में दिव्यांगजन/विशेष योग्यजन श्रेणी भरे जाने तथा श्रुतलेखक संबंधी विकल्प का चयन किये जाने का अभिप्राय यह नहीं है कि वह श्रुतलेखक की सुविधा प्राप्त करने के लिए पात्र/योग्य है। श्रुतलेखक की सुविधा प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों की पालना किया जाना आवश्यक है अन्यथा अभ्यर्थी को श्रुतलेखक की सुविधा देय नहीं होगी।
2. ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जो स्वयं का श्रुतलेखक लाना चाहते है, उन अभ्यर्थियों को **परीक्षा दिनांक से कम से कम एक दिवस पूर्व** दिव्यांगता का वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र, अभ्यर्थी एवं श्रुतलेखक का वचन–पत्र, श्रुतलेखक के फोटो पहचान पत्र व शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण की प्रतिलिपि केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करनी होगी।
3. ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जो बोर्ड/केन्द्राधीक्षक से श्रुतलेखक प्राप्त करना चाहते है, उन अभ्यर्थियों को परीक्षा दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व दिव्यांगता का वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र, अभ्यर्थी का वचन–पत्र केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करना होगा।
4. ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जो स्वयं का श्रुतलेखक लाना चाहते है, उन अभ्यर्थियों को परीक्षा दिनांक से कम से कम एक दिवस पूर्व दिव्यांगता का वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र, अभ्यर्थी एवं श्रुतलेखक का वचन–पत्र, श्रुतलेखक के फोटो पहचान पत्र व शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण की प्रतिलिपि केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करनी होगी।
5. ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जो आयोग/केन्द्राधीक्षक से श्रुतलेखक प्राप्त करना चाहते है, उन अभ्यर्थियों को परीक्षा दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व दिव्यांगता का वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र, अभ्यर्थी का वचन–पत्र केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करना होगा।
6. The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 के Section-2(r) के तहत् परिभाषित विशेष योग्यजन (40 प्रतिशत या 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता) की दृष्टिबाधित (Blindness),लोकोमोटर डिसेबिलिटी एवं सेरेब्रल पाल्सी श्रेणी वाले अभ्यर्थी द्वारा चाहने पर,दिव्यांगता का चिकित्सा प्रमाण–पत्र, अभ्यर्थी एवं श्रुतलेखक का वचन–पत्र के आधार पर श्रुतलेखक की सुविधा दी जायेगी। उक्त श्रेणियों के अलावा Section-2(r) के तहत् परिभाषित अन्य श्रेणी के मामले में लेखन कार्य में असमर्थता के संबंध मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक से अनुमोदित प्रमाण–पत्र (बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध Appendix-C), दिव्यांगता का चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक का वचन–पत्र प्रस्तुत करने पर श्रुतलेखक की सुविधा देय होगी और/या क्षतिपूरक समय प्रदान किया जायेगा।
7. The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 के Section-2(s) के तहत् परिभाषित विशेष योग्यजन (40 प्रतिशत से कम निःशक्तता) की श्रेणी के मामले में लेखन कार्य में असमर्थता के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक से अनुमोदित प्रमाण–पत्र (बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध Appendix-D) एवं दिव्यांगता का चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर श्रुतलेखक की सुविधा और/या क्षतिपूरक समय प्रदान किया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक की सुविधा और/या क्षतिपूरक समय प्राप्त करने के लिये परीक्षा दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व समस्त प्रमाण पत्रों के साथ आयोग से सम्पर्क करना होगा अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा और/या क्षतिपूरक समय देय नहीं होगा।

8. श्रुतलेखक के संबंध में विस्तृत निर्देशों एवं प्रमाण पत्रों का बोर्ड की वेबसाईट पर अवलोकन करें। वेबसाईट पर उपलब्ध श्रुतलेखक संबंधी इन निर्देशों को विज्ञापन का भाग/हिस्सा माना जायेगा।
9. एक श्रुतलेखक किसी भी एक परीक्षा के लिये अनुमत होगा।

## 20. अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र के संबंध में प्रावधान :–

i. कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 22.08.2024 द्वारा पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन की कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा की जावेगी। अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में समुचित निर्णय संबंधित विभाग द्वारा किया जावेगा।

ii. **आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन/OTR में भरी गई शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता को ही अंतिम रूप से मान्य किया जावेगा। ऑनलाईन आवेदन में दर्ज योग्यता के अतिरिक्त अन्य संस्था/विश्वविद्यालय से प्रदत्त डिग्री/डिप्लोमा को स्वीकार/मान्य नहीं किया जावेगा।** अतः आवेदक सावधानीपूर्वक अपनी शैक्षणिक योग्यता ऑनलाईन आवेदन/OTR में भरें।

iii. अभ्यर्थियों को वर्ग विशेष हेतु आरक्षित पदों का लाभ तभी देय होगा जब उनके मूल दस्तावेजों की जांच उपरान्त अभ्यर्थी नियमानुसार नियुक्ति हेतु पात्र है।

iv. आरक्षित पदों हेतु अभ्यर्थियों को राजस्थान राज्य में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे।

v. कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 20.01.2022 के अनुसार आवेदक को वर्ग विशेष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) का लाभ तब ही देय होगा जबकि आवेदक का उक्त प्रमाण पत्र इस भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि तक या इससे पूर्व का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। अभ्यर्थियों को उनके वर्ग में आरक्षण का लाभ, प्रमाण–पत्र जारी होने की दिनांक से देय होता है और अभ्यर्थी के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र, आवेदन भरने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है। **अतः भर्ती हेतु अभ्यर्थी की श्रेणी के संबंध में उसकी पात्रता का मूल्यांकन आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी प्रमाण–पत्र के आधार पर किया जावेंगा।**

कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 17.10.2022 के अनुसार उक्त परिपत्र के अन्त में निम्न परन्तुक जोडा गया हैः–

**"यदि किन्हीं कारणों से अभ्यर्थी द्वारा आवेदन की अन्तिम तिथि तक जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तथा अन्तिम तिथि के पश्चात जारी किया हुआ प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी से इस आशय का एक शपथ–पत्र लिखा जावें कि वह आवेदन की अन्तिम तिथि को संबंधित वर्ग की पात्रता रखता था तथा यह सूचना गलत पाये जाने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।"**

vi. **जाति प्रमाण पत्र की वैधता अवधिः– सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जाति प्रमाण–पत्र दिशा–निर्देश दिनांक 09.09.2015 के अनुसार :–**

  i. अनुसूचित जाति/जनजाति के लिये जारी किये गये जाति प्रमाण पत्रो की अवधि जीवन पर्यन्त होगी जबकि ओबीसी के लिये संबंधी प्रमाण पत्र एक बार ही जारी किया जावेगा परन्तु क्रिमीलेयर में नही होने संबंधी तथ्य को तीन वर्ष के विधि सम्मत शपथ–पत्र के आधार पर मान्यता दी जायेगी।

  ii. क्रिमीलेयर में नहीं होने संबंधी प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए मान्य होगा एक बार क्रिमीलेयर में नही होने का प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त अगर प्रार्थी आगामी वर्ष में भी क्रिमीलेयर में नहीं है तो ऐसी स्थिति में उससे सत्यापित शपथ पत्र लेकर पूर्व में जारी प्रमाण पत्र को ही मान लिया जावे ऐसा अधिकतम तीन वर्ष तक किया जा सकता हैं।

  iii. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के परिपत्र दिनांक 21.06.2019 के अनुसार अति पिछडा वर्ग में वर्णित जातियों को अन्य पिछडा वर्ग की जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही अति पिछडा वर्ग का लाभ देय होगा।

vii. अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग का नवीनतम प्रमाण पत्र जो पिता के नाम, निवास एवं आय के आधार पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ हो, प्रस्तुत करने पर ही उस वर्ग का लाभ देय होगा। पति के नाम, निवास एवं आय के आधार पर जारी प्रमाण पत्र मान्य नही होगा।

viii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सहरिया आदिम जाति का प्रमाण पत्र नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किया हुआ होना चाहिये, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सहरिया आदिम जाति की विवाहित महिला आवेदक को इन वर्गो के लिये आरक्षित पदों का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने पिता के नाम व निवास

के आधार पर सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही उस वर्ग का लाभ देय होगा। पति के नाम, निवास के आधार पर जारी प्रमाण पत्र मान्य नही होगा।

ix. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को जारी किये जाने वाले Income & Asset Certificate की वैधता के संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ11()/आ.क.व/डीडीवीसी/सान्याअवि/19/28046 दिनांक 06.05.2022 के द्वारा यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि राज्य के लिए जारी Income & Asset Certificate एक वर्ष के लिए मान्य होगा। एक बार उक्त Income & Asset Certificate जारी होने के उपरांत अगर प्रार्थी आगामी वर्ष में भी आर्थिक कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार पात्र है तो ऐसी स्थिति में प्रार्थी से सत्यापित संलग्न शपथ–पत्र के आधार पर पूर्व में जारी Income & Asset Certificate को ही मान लिया जावेगा, ऐसा अधिकतम 3 वर्ष के लिए किया जा सकता है।

x. दस्तावेज सत्यापन के समय शैक्षिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता, आयु, वैवाहिक स्थिति, परित्यकता, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन संबंधी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे।

xi. भूतपूर्व सैनिकों के पदों हेतु आरक्षित पदों का लाभ ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम निर्धारित दिनांक तक का सक्षम स्तर से जारी सेवानिवृति प्रमाण पत्र/एन ओ सी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगा।

xii. उत्कृष्ट खिलाडियों के पदों हेतु सक्षम स्तर से जारी खेल प्रमाण पत्र जो ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम निर्धारित दिनांक तक का हो का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही उत्कृष्ट खिलाडी कोटे के पदों का लाभ देय होगा।

xiii. विधवा श्रेणी में आवेदन करने वाली महिला अभ्यर्थी के पास पति का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पति के नाम से लिंक ऐसा दस्तावेज/साक्ष्य जिसमें उसके पति का नाम अंकित हो यथा विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र पति के नाम से जारी मूल निवास/जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

xiv. परित्यक्ता/विवाह विच्छिन श्रेणी में आवेदन करने वाली महिला अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि तक का माननीय न्यायालय द्वारा जारी विवाह विच्छेद की डिक्री/आदेश प्रस्तुत करने पर ही इस श्रेणी हेतु पात्र माना जायेगा।

xv. शासन के परिपत्र क्रमांक पं.6(19)गृह–13/2006 दिनांक 22.05.2006 से राजकीय सेवा में नियुक्ति हेतु विवाह–पंजीयन करवाया जाना अनिवार्य किया गया है अतः इस संबंध मे विवाह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना वांछनीय है।

xvi. विवाहित महिलाओं के लिये संतान संबंधी घोषणा प्रस्तुत करना अनिवार्य है और परित्यकता श्रेणी की महिलाओं को ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक तक पुनर्विवाह नही किये जाने संबंधी या परित्यकता श्रेणी में होने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

xvii. अभ्यर्थी को अंतिम शैक्षणिक संस्था द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र यथा समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें चरित्र के संबंध में कम से कम ''अच्छा'' का उल्लेख/अंकित होना आवश्यक होगा। अभ्यर्थी को दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने अनिवार्य है।

xviii. अभ्यर्थी को चयन उपरान्त आचरण संबंधी पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र यथा समय नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा जिसमें आवेदक के विरूद्व ऐसी किसी आपराधिक धारा का उल्लेख नही होना चाहिये जिससे राज्य सेवा में नियुक्ति मे बाधा/समस्या उत्पन्न हो। किसी आपराधिक प्रकरण में दोष सिद्व होने या प्रकरण/वाद न्यायिक रूप से विचाराधीन होने पर कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प(1)कार्मिक/क–2/2016 दिनांक 04.12.2019 के प्रावधानुसार अभ्यर्थी की पात्रता का निर्धारण किया जायेगा।

xix. अभ्यर्थी को चयन उपरान्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा जांच संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र यथासमय नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, कि वह पूर्ण रूप से स्वस्थ है एवं राज्य सेवा के लिये पूर्णतः उपयुक्त है।

xx. ऐसे आवेदक जो पहले से राजकीय सेवा में हो, या राजकीय औद्योगिक उपक्रमों में हो, या किसी प्रकार के अन्य संगठनों में हो, या गैर सरकारी संस्था में नियुक्त हो, उन्हे नियुक्ति के समय अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र नियुक्ति अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। जो आवेदक पहले से ही राजकीय सेवा/उक्त उपक्रमों में कार्यरत् है, उन्हें अपने नियोक्ता को इस भर्ती हेतु आवेदन करने की लिखित सूचना दी जाकर अनापत्ति प्राप्त कर लेना चाहिये। संबंधित नियुक्ति अधिकारी के अनापत्ति प्रमाण–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को पूर्व सेवा से त्याग–पत्र देकर नव–नियुक्ति के समय त्याग–पत्र स्वीकार करने सम्बन्धी आदेश प्रस्तुत करना होगा।

xxi. उक्त प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम निर्धारित दिनांक तक के जारी होने अनिवार्य है, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम निर्धारित दिनांक के पश्चात का प्रमाण पत्र होने पर वर्ग विशेष का लाभ देय नही होगा।

xxii. आवेदको द्वारा ऑनलाइन आवेदन पर उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर ही अभ्यर्थियों की पात्रता जांच, परीक्षा परिणाम जारी किये जाने के उपरांत दस्तावेज सत्यापन के समय की जायेगी, अतः इस संबंध में पात्रता संबंधी

समस्त उत्तरदायित्व स्वयं आवेदक का होगा। पात्रता संबंधी दस्तावेजों की जांच के समय पात्र नहीं पाये जाने पर वह अभ्यर्थी अपात्र माना जायेगा, जानबूझ कर गलत सूचना भरे जाने की स्थिति में आवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

**21.** **आवेदन में गलत सूचना प्रस्तुत करने व अनुचित साधनों की रोकथाम**:–आवेदकों को अपने ऑनलाईन आवेदन में समस्त सूचना सही–सही अंकित करनी चाहिए और परीक्षार्थियों को केन्द्राधीक्षक/अभिजागर/बोर्ड द्वारा नियुक्त अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करना चाहिए, ऐसा न करने अथवा परीक्षा केन्द्र पर किसी प्रकार का अनुचित व्यवहार करने एवं परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग/उपभोग करने पर परीक्षार्थी के विरूद्ध बोर्ड/केन्द्राधीक्षक जो भी उचित समझे समस्त कार्यवाही कर सकता है तथा परीक्षार्थी के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 के अन्तर्गत एवं बोर्ड द्वारा निर्धारित "Punishment for insolent behavior/disorderly conduct/using or attempting unfair means during the course of examination"तथा "The Rajasthan Subordinate and Ministerial Service Selection Board Prevention of Unfair means in Board Examinations Regulations, 2016" के अनुसार कार्यवाही की जा सकती है। **परीक्षार्थियों को सावधान किया जाता है कि राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 (2022 का अधिनियम संख्यांक 6) के प्रावधानों के तहत यथा वर्णित किसी सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग/उपयोग करने या उनका सहारा लेने, अनाधिकृत प्रवेश, प्रश्न–पत्र का कब्जा व प्रकटीकरण तथा संबंधित अपराधों के लिए कठोर कानून का प्रावधान किया गया है। अनुचित साधनों में लिप्त परीक्षार्थी के लिए तीन वर्ष तक के कठोर कारावास एवं रूपये 1,00,000/– (अक्षरे एक लाख) न्यूनतम जुर्माना के प्रावधान किए गए हैं। परीक्षार्थी के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति द्वारा षड्यंत्र या अधिनियम वर्णित अनुचित साधनों में लिप्त होने पर या दुष्प्रेरित करने पर न्यूनतम पाँच वर्ष के कारावास जो कि दस वर्ष तक हो सकता है एवं न्यूनतम रूपये 10,00,000/– (अक्षरे दस लाख) का जुर्माना जो कि दस करोड़ तक हो सकता है, के दण्डित करने के प्रावधान किए गए हैं। दोष सिद्धि पर दो वर्ष की कालावधि के लिए कोई सार्वजनिक परीक्षा देने से विवर्जित किए जाने के भी प्रावधान किए गए हैं। उपरोक्त अधिनियम की विहित अनुसार कठोर पालना सुनिश्चित की जाएगी।**

**22.** **परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम :– प्रयोगशाला सहायक एंव कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक(विज्ञान) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2026**

## परीक्षा की स्कीम

The examination shall carry 400 marks. There will be two papers. Both Papers shall be of 200 marks each.

### Paper-I

1. The question paper will carry maximum 200 marks.
2. Duration of question paper will be 2:00 hours.
3. The question paper will carry 100 questions of multiple choices.
4. Negative marking shall be applicable in the evaluation of answers. For every wrong answer one third of the marks prescribed for that particular question shall be deducted.

**Explanation:** Wrong answer shall mean an incorrect answer or multiple answers.

5. The minimum qualifying marks shall be 40%. Provided that the percentage fixed as above shall be relaxed by 5% for the candidates belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.
6. Paper shall include following subjects:

(i) Geographical, Historical, Cultural and general knowledge of Rajasthan.

(ii) Current Affairs of Rajasthan

(iii) General knowledge of world and India.

(iv) Educational Psychology

## Paper-II

1. The question paper will carry maximum 200 marks.
2. Duration of question paper will be 2 Hours.
3. The question paper will carry 100 questions of multiple choices.
4. Negative marking shall be applicable in the evaluation of answers. For every wrong answer one third of the marks prescribed for that particular question shall be deducted.

**Explanation:** Wrong answer shall mean an incorrect answer or multiple answers.

5. The minimum qualifying marks shall be 40%. Provided that the percentage fixed as above shall be relaxed by 5% for the candidates belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes.
6. Paper shall include following subjects:-

(i) Knowledge of Secondary standard about Science subject matter.

(ii) Knowledge of Senior Secondary standard about Physics subject matter

(iii) Knowledge of Senior Secondary standard about Chemistry subject matter

(iv) Knowledge of Senior Secondary standard about Biology subject matter

## पाठ्यक्रम (Syllabus)

## Paper-I

### i. राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामान्य ज्ञान

| राजस्थान का इतिहास, संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान | |
|---|---|
| 1. | राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत |
| 2. | राजस्थान की प्रमुख प्रागैतिहासिक सभ्यतायें |
| 3. | राजस्थान के प्रमुख राजवंश एवं उनकी उपलब्धियां |
| 4. | मुगल–राजपूत संबंध |
| 5. | स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताऐं |
| 6. | महत्वपूर्ण किले, स्मारक एवं संरचनाये |
| 7. | राजस्थान के धार्मिक आंदोलन एवं लोक देवी–देवताऐं |
| 8. | मेले, त्यौहार, लोक संगीत, लोक नृत्य, वाद्ययंत्र एवं आभूषण |
| 9. | राजस्थानी संस्कृति |
| 10. | महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन स्थल |
| 11. | राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व |
| 12. | राजस्थान की रियासतें एवं ब्रिटिश संधियां, 1857 का जन–आंदोलन |
| 13. | कृषक एंव जन–जाति आंदोलन, प्रजामंडल आंदोलन |

14. राजस्थान का एकीकरण
15. राजस्थान का राजनीतिक जनजागरण एंव विकास– महिलाओं के विशेष संदर्भ में

**राजस्थान का भूगोल**

1. स्थिति एवं विस्तार
2. मुख्य भौतिक विभाग :– मरूस्थलीय प्रदेश, अरावली पर्वतीय प्रदेश, मैदानी प्रदेश, पठारी प्रदेश
3. अपवाह तन्त्र
4. जलवायु
5. मृदा
6. प्राकृतिक वनस्पति
7. वन एवं वन्य जीव संरक्षण
8. पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय मुद्दे
9. मरूस्थलीकरण
10. कृषि–जलवायु प्रदेश एवं प्रमुख फसलें
11. पशुधन
12. बहुउद्देशीय परियोजनाऐं
13. सिंचाई परियोजनाऐं
14. जल संरक्षण
15. परिवहन
16. खनिज सम्पदाऐं

ii. राजस्थान के समसामयिकी मामले

iii. विश्व एवं भारत का सामान्य ज्ञान

iv. शैक्षणिक मनोविज्ञान

## Paper-II

i. विज्ञान का सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान

ii. जीव विज्ञान (BIOLOGY) का सीनियर सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान

**जीव विज्ञान (भाग–अ)** (सीनियर सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान)

1. General characters of :Algae, Fungi, Lichens, Bryophyta, Pterido-phyta, Gymnosperms, and Angiosperms.
   शैवाल, कवक, शैवाक (Lichen), ब्रायोफायटा, टेरिडोफायटा, अनावृत बीजी एवं आवृत बीजी पादपों के सामान्य लक्षण।
2. Morphology of Angiosperms: - Structure and Modification of Root, Stem and Leaf. Structure of flower and seed.
   आवृतबीजी पादपों की आकारिकी – मूल, स्तम्भ एवं पर्ण की संरचना एवं रूपान्तरण। पुष्प एवं बीज की संरचना।
3. Plant Anatomy: Tissue and Tissue System. Secondary growth.
   पादप शरीर : ऊतक एवं ऊतक तंत्र। द्वितीयक वृद्धि।
4. Plant Physiology: Osmosis, Water Absorption Ascent of sap, Transpiration, Photosynthesis, Respiration, Plant growth and movement.

पादपकार्यिकी : परासरण, जल अवशोषण, रसारोहण, वाष्पोत्सर्जन, प्रकाश–संश्लेषण, श्वसन, पादप वृद्धि एवं गतियाँ।

5. Environmental Studies: Structure and type of Ecosystem, Energy flow, Biogeo- Chemical Cycle, Ecological Adaptations, Environmental Pollution, Population Ecology, Biodiversity.
   पर्यावरण अध्ययन : पारिस्थितिक तंत्र की संरचना एवं प्रकार, ऊर्जा प्रवाह, जैव भू–रासायनिक चक्र, पारिस्थितिक अनुकूलन, पर्यावरण प्रदूषण, समष्टि पारिस्थितिकी, जैव विविधता।
6. Biotechnology: General Account, Recombinant DNA technology, Transgenic Plants and Animal, Ethical Issues, Application of Biotechnology in Agriculture and Medical field.
   जैव प्रौद्योगिकी : सामान्य जानकारी, पुनर्योजित डी0एन0ए0 तकनीक, ट्रांसजेनिक पादप एवं जन्तु, नैतिक मुद्दे, कृषि एवं चिकित्सा क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग।
7. Economic Importance of Plants.
   पादपों का आर्थिक महत्व।
8. Cell: Structure (Prokaryotic and Eukaryotic) cell theory and cell Division.
   कोशिका : संरचना (असीम केन्द्रकी एवं ससीम केन्द्रकी), कोशिका सिद्धान्त एवं कोशिका विभाजन।

## <u>जीव विज्ञान (भाग–ब)</u> (सीनियर सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान)

1. Genetics : Mendel’s law, General Terminology, Structure of DNA and RNA, Molicular basic of Heredity. Structure of chromosome, sex determination and genetic disorders in man.
   आनुवंशिकी : मेण्डल के नियम, सामान्य शब्दावली, डी.एन.ए. एवं आर.एन.ए. की संरचना एवं वंशागति का आणविक आधार। गुणसूत्र की संरचना, मनुष्य में लिंग निर्धारण एवं आनुवंशिकी विकार।
2. Classification of Animal Kingdom : up to Phyla in Non chordates and up to class in chordates.
   जन्तु जगत का वर्गीकरण : अकशेरूकी का संघ तक तथा कशेरूकी का वर्ग तक वर्गीकरण।
3. Digestion, Respiration and Excretion in human . Protein, Carbohydrate, Fat, Vitamin and digestive enzyme, Exchange of gases, Aerobic and Anaerobic respiration, Kreb cycle, Glycolysis. Exeretory substance. Structure and Physiology of Kidney.
   मानव में पाचन, श्वसन एवं उत्सर्जन : प्रोटीन, शर्करा, वसा, विटामिन एवं पाचक एन्जाइम, गैसों का विनियम, आक्सी व अनाक्सी श्वसन, क्रेब चक्र, ग्लाइकोलाइसिस, उत्सर्जी पदार्थ, वृक्क की संरचना एवं कार्यिकी।
4. Circulatory and Endocrine System of Human : Structure of Heart , Composition of blood, blood groups, Blood clotting, Lymph glands, Antigen and Antibodies. Endocrine glands and their hormones.
   मानव में परिसंचरण तंत्र एवं अन्तः स्त्रावी तंत्र : हृदय की संरचना, रक्त का संगठन, रक्त समूह, रक्त का थक्का जमना, लसिका ग्रंथियाँ, एन्टीजन एवं एन्टीबॉडीज। अन्त स्त्रावी ग्रंथियाँ एवं उनके हार्मोन।
5. Nervous System of Human : Structure of Brain, Eye and Ear, Structure of Neuron, nerve impulse.
   मानव तंत्रिका तंत्र : मस्तिष्क, आंख, कान की संरचना, न्यूरोन की संरचना, तंत्रिका संवेग।
6. Muscular System: Type of Muslcles and Muscle contraction.
   पेशीय तंत्र : पेशियों के प्रकार एवं पेशीय संकुचन।
7. Reproductory System in Human and Human Diseses : Structure and Reproductive health. Disease in man caused by Bacteria, Virus, Protozoa, Fungi and Helminths.

मानव में जनन तंत्र एवं मानव रोग : संरचना, जनन स्वास्थ्य, मानव में जीवाणु, वायरस, प्रोटोजोआ, कवक तथा हेल्मिन्थ जनित रोग।

8. Biological Evolution, Economic Importance of Animals.

जैव विकास, जन्तुओं का आर्थिक महत्व।

## **भौतिक विज्ञान(PHYSICS)** (सीनियर सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान)

1) Dynamics of Rigid Body: Torque, Conservation of angular momentum, moment of inertia of simple geometrical objects.
दृढ़–पिण्ड गतिकी : बल आघूर्ण, कोणीय संवेग–संरक्षण, सरल ज्यामितीय वस्तुओं का जड़त्व – आघूर्ण

2) Thermodynamics: First & Second law of thermodynamics, heat engines and refrigerators.
ऊष्मागतिकी : ऊष्मागतिकी का प्रथम एवं द्वितीय नियम, ऊष्मा–इंजन एवं प्रशीतक

3) Oscillations: Simple harmonic motion & its example. resonance
दोलन : सरल आवर्त गति और उसके उदाहरण, अनुनाद

4) Waves : Principle of super -position of waves, Doppler effect.
तरंगे : तरंगों के अध्यारोपण का सिद्धान्त, डॉप्लर प्रभाव

5) Electrostatics : Coulomb’s law, electric field Gauss’s theorem & its applications.
स्थिर वैद्युतिकी : कूलाम का नियम, विद्युत क्षेत्र, गाउस का नियम व उसके अनुप्रयोग

6) Electric Current : Kirchhoff’s law, Wheatstone-bridge, meter-bridge, potentiometer.
विद्युत धारा : किरकॉफ के नियम, व्हीटस्टोन – सेतु, मीटर–सेतु, विभवमापी

7) Optics : microscope & telescope, interference, diffraction & polarisation, polarimeter.
प्रकाशिकी : सूक्ष्मदर्शी एवं दूरदर्शी, व्यतिकरण, विवर्तन एवं ध्रुवण, ध्रुवणमापी

8) Atom : Bohr’s model of H- atom.
परमाणु : हाइड्रोजन परमाणु का बोर मॉडल

9) Nuclei : Mass defect, nuclear binding energy, nuclear fission & fusion.
नाभिक : द्रव्यमान क्षति, नाभिकीय, बंधन ऊर्जा, नाभिकीय विखण्डन एवं संलयन

10) Semi-conductor Electronics: pn junction, transistor, logic gates, diode as a rectifier, zener diode.
अर्ध–चालक इलेक्ट्रॉनिकी : pn संधि, ट्रांजिस्टर, तर्क–द्वार, डायोड दिष्टकारी के रूप में, जीनर डायोड

## **रसायन विज्ञान(CHEMISTRY)** (सीनियर सैकेण्डरी स्तर का ज्ञान)

**Unit-1 Periodic Table & Atomic Properties –**

ईकाई – 1 आवर्त सारणी एवं परमाणु गुणधर्म :–

- Fundamental particles of an atom (electron, proton, neuron)
  परमाणु के मूलभूत कण (इलेक्ट्रॉन, प्रोटोन, न्यूट्रॉन)
- Rutherford’s nuclear model
  रदरफोर्ड का नाभिकीय मॉडल
- Quantum Nos.
  क्वाण्टम संख्या
- Pauli’s exclusion principle
  पउली का अपवर्जन सिद्धान्त
- Aufbau principle
  ऑफबो सिद्धान्त
- Types of orbital ( s, p, d, f), shape of orbital
  कक्षकों के प्रकार (s,p,d,f), कक्षकों की आकृति

- Hund's rule
  हुण्ड का नियम
- Modern periodic table
  आधुनिक आवर्त सारणी
- Variation in atomic properties (Size, Ionisation potential, Electron affinity, Electronegativity)
  परमाणु गणुधर्मो में परिवर्तन (आकार, आयनन–विभव, इलेक्ट्रॉन–बन्धुता, विद्युत–ऋणता)

**Unit- 2 S- Block & P-Block Elements**

ईकाई – 2 s–ब्लॉक एवं p–ब्लॉक तत्व

- General introduction
  सामान्य परिचय
- Electronic configuration
  इलेक्ट्रोनीय विन्यास
- Occurrence
  प्राप्ति
- Oxidation states
  ऑक्सीकरण अवस्था
- Trends in Physical & Chemical properties
  भौतिक व रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियाँ
- Inert pair effect
  अक्रिय युग्म प्रभाव।

**Unit-3 Chemical Equilibrium**

ईकाई – 3 रासायनिक साम्य

- Factors affecting Equilibrium
  साम्य की प्रभावित करने वाले कारक
- Reversible and Irreversible reactions
  उत्क्रमणीय व अनुत्क्रमणीय अभिक्रियायें
- Laws of chemical Equilibrium
  रासायनिक साम्य के नियम
- Le Chatelier's principle
  ली–शाताल्ये का सिद्धान्त

**Unit-4 Ionic Equilibrium**

ईकाई – 4 आयनिक साम्य

- Acid base equilibrium
  अम्ल क्षार साम्य
- PH Value
  PH मान
- Common ion effect
  सम आयन प्रभाव
- Buffer solutions
  बफर विलयन
- Acid Base titration
  अम्ल क्षार अनुमापन

**Unit-5 Gaseous State**

ईकाई – 5 गैसीय अवस्था



RajKaj Ref No.:
19899927

- Properties
  गुणधर्म
- Boyle's Law
  बॉयल का नियम
- Charles Law
  चार्ल्स का नियम
- Avogadro's Law
  आवोगाद्रो का नियम
- Dalton's Law
  डॉल्टन का नियम
- Ideal gas equation
  आदर्श गैस समीकरण
- Graham's law of diffusion
  ग्राहम का विसरण नियम
- Kinetic theory of gases
  गैसों का अणुगति सिद्धान्त

**Unit-6 Liquid State**
ईकाई – 6 द्रव अवस्था

- Properties of liquids
  द्रवों के गुणधर्म
- Vapour pressure
  वाष्प दाब
- Surface tension
  पृष्ठ तनाव
- Viscosity
  श्यानता

**Unit-7 Solid State**
ईकाई – 7 ठोस अवस्था

- Properties of solids
  ठोस के गुणधर्म
- Classification of solids
  ठोसों का वर्गीकरण
- Unit cells & their types
  ईकाई कोशिका व उनके प्रकार
- Packing of crystals
  क्रिस्टल संकुलन
- Structure of simple ionic compounds
  सामान्य आयनिक यौगिकों की संरचना
- Defects in crystals (Frenkel, Schottky)
  क्रिस्टलों में त्रुटियाँ (फ्रेंकल, शॉट्की)

**Unit-8 Solutions**
ईकाई – 8 विलयन

- Solute, Solvent, Solution
  विलेय, विलायक व विलयन
- Concentration of solutions (Molarity, Normality, Formality, Molality, Mole fraction, Weight percent)
  विलयन की सान्द्रता (मोलरता, नार्मलता, फॉर्मलता, मोललता, मोल भिन्न, भार प्रतिशत)
- Types of solutions (Gas solutions , Liquid solutions, Solid solutions)
  विलयनों के प्रकार (गैसीय विलयन, द्रव विलयन, ठोस विलयन)
- Raoult's Law
  राऊल का नियम

- Ideal & Non- ideal solutions
  आदर्श व अनादर्श विलयन
- Colligative properties of solutions
  विलयन के अणुसंख्यक गुणधर्म

**Unit-9 Nomenclature & General Properties of Organic Compounds**

ईकाई – 9 कार्बनिक यौगिकों का नामकरण व सामान्य गुणधर्म

- Rules of IUPAC nomenclature
  नामकरण के IUPAC नियम
- Types of reactions (Substitution, Addition, Elimination)
  अभिक्रियाओं के प्रकार (प्रतिस्थापन, योगात्मक, विलोपन)
- Electrophiles, Nucleophiles
  इलेक्ट्रॉनस्नेही, नाभिक स्नेही
- Inductive effect, Electromeric effect
  प्रेरण प्रभाव, इलेक्ट्रोमरी प्रभाव
- Resonance, Hyperconjugation, Steric effect
  अनुनाद, अतिसंयुग्मन, त्रिविम प्रभाव
- Isomerism ( structural & Stereo)
  समावयता (संरचनात्मक व त्रिविम)

**Unit-10 Hydrocarbons**

ईकाई – 10 हाइड्रोकार्बन

- Definition & types of hydrocarbons (Alkane, Alkene, Alkyne, Arene)
  हाइड्रोकार्बन की परिभाषा व प्रकार (एल्केन, एल्कीन, एल्काइन, एरीन)
- Preparation of hydrocarbons
  हाइड्रोकार्बनों का विरचन
- Physical properties
  भौतिक गुणधर्म
- Chemical properties
  रासायनिक गुणधर्म

## प्रयोगशाला सहायक (भूगोल) कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय हेतु सीधी भर्ती परीक्षा–2026

## परीक्षा की स्कीम

| प्रश्न–पत्र | अंक | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|
| **भाग–अ :–** सामान्य ज्ञान (राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्पराएँ, विरासत एवं राजस्थान का भूगोल) | 100 | 300 | 3 घंटे |
| **भाग–ब :–** भूगोल (Geography) | 200 | | |

नोट :–

1. प्रश्न पत्र में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (Objective) प्रकार के होंगे व सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।
2. परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 40 प्रतिशत निर्धारित हैं। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु उक्त निर्धारित प्रतिशत में 5 प्रतिशत की छूट देय होगी।
3. प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 1/3 भाग ऋणात्मक अंकन (Negative Marking) किया जायेगा।

## पाठ्यक्रम (Syllabus)

## भाग–अ :– (सामान्य ज्ञान)

i. राजस्थान का भूगोल, इतिहास, कला एवं संस्कृति, साहित्य, परम्पराएँ एवं विरासत

| **राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति, साहित्य, परम्पराएँ एवं विरासत** |
|---|
| 1. राजस्थान के इतिहास के प्रमुख स्रोत<br>2. राजस्थान की प्रमुख प्रागैतिहासिक सभ्यतायें<br>3. राजस्थान के प्रमुख राजवंश एवं उनकी उपलब्धियां<br>4. मुगल–राजपूत संबंध<br>5. स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताऐं<br>6. महत्वपूर्ण किले, स्मारक एवं संरचनायें<br>7. राजस्थान के धार्मिक आंदोलन एवं लोक देवी–देवताऐं<br>8. राजस्थान की प्रमुख चित्रकलाऐं, शैलियां एवं हस्तशिल्प<br>9. राजस्थानी भाषा एवं साहित्य की प्रमुख कृतियां, क्षेत्रीय बोलियां<br>10. मेले, त्यौहार, लोक संगीत, लोक नृत्य, वाद्ययंत्र एवं आभूषण<br>11. राजस्थानी संस्कृति, परम्परा एवं विरासत<br>12. महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन स्थल<br>13. राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व<br>14. राजस्थान की रियासतें एवं ब्रिटिश संधियां, 1857 का जन–आंदोलन<br>15. कृषक एंव जन–जाति आंदोलन, प्रजामंडल आंदोलन<br>16. राजस्थान का एकीकरण<br>17. राजस्थान का राजनीतिक जनजागरण एंव विकास– महिलाओं के विशेष संदर्भ में |
| **राजस्थान का भूगोल** |
| 1. स्थिति एवं विस्तार<br>2. मुख्य भौतिक विभाग :– मरूस्थलीय प्रदेश, अरावली पर्वतीय प्रदेश, मैदानी प्रदेश, पठारी प्रदेश<br>3. अपवाह तन्त्र |

4. जलवायु
5. मृदा
6. प्राकृतिक वनस्पति
7. वन एवं वन्य जीव संरक्षण
8. पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय मुददे्
9. मरूस्थलीकरण
10. कृषि–जलवायु प्रदेश एवं प्रमुख फसलें
11. पशुधन
12. बहुउद्देशीय परियोजनाऐं
13. सिंचाई परियोजनाऐं
14. जल संरक्षण
15. परिवहन
16. खनिज सम्पदाऐं

## भाग– ब :– भूगोल(Geography)

1. Geography as an integrating discipline, branches of geography, importance of physical geography. भूगोल एक समाकलित विषय के रूप में, भूगोल की शाखाएं, भौतिक भूगोल का महत्व ।
2. Origin and evolution of the earth. पृथ्वी की उत्पत्ति एवं विकास ।
3. Interior of the earth. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना ।
4. Distribution of the oceans & continents. महासागरों एवं महाद्वीपों का वितरण ।
5. Rocks - types and characteristics. शैले - प्रकार एवं विशेषताएँ।
6. Geomorphic processes. भू- आकृतिक प्रक्रियाएं।
7. Landforms and their evolution. स्थल रूप एवं उनका विकास ।
8. Atmosphere - composition and structure. वायु मण्डल: संघटन एवं संरचना।

9 Insolation, heat balance, temperature distribution. सूर्य तप, ऊष्मा सन्तुलन, तापमान वितरण।

10. Pressure and atmospheric circulation. वायुदाब एवं वायुमण्डलीय परिसंचरण ।
11. Water in atmosphere- Evaporation, condensation, rainfall - types and distribution. वायुमण्डल में जल - वाष्पीकरण, संघनन वर्षण - प्रकार एवं वितरण।
12. World climates - Classification (Koeppen), greenhouse effect, global warming and climate change. **विश्व** की जलवायु- जलवायु वर्गीकरण (कोपेन), हरितगृह प्रभाव, भूमण्डलीय ऊष्मन एवं जलवायु परिवर्तन ।
13. Hydrological cycle and submarine relief. जलीय चक्र एवं अन्त' समुद्री उच्चावच ।
14. Distribution of temperature and salinity, oceanic waves, tides and currents. तापमान एवं लवणता का वितरण महासागरीय तरंगे ज्वार भाटा एवं धाराएं।
15. Biosphere, ecology, ecosystem and biomes, biogeochemical cycles- water, carbon, oxygen, nitrogen and other mineral cycles. जैव मण्डल पारिस्थितिकी तंत्र एवं बायोम, जैव-भू रासायनिक चक्र जल, कार्बन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन एवं अन्य खनिज चक्र पारिस्थितिक सन्तुलन ।
16. Biodiversity and conservation. जैव विविधता एवं संरक्षण ।
17. India - Location, Size and neighboring countries. भारत - स्थिति, आकार एवं पडोसी देश ।

18. Physiographic Divisions. भू-आकृतिक खण्ड ।
19. Concepts of water shed, The Himalayan and Peninsular drainage system. जल संभर संकल्पना, हिमालय एवं प्रायद्विपीय भारत के अपवाह तन्त्र ।
20. Monsoon climate, controlling factors, mechanism - Onset, break and retreat, seasonal rhythm, rainfall distribution and variability, climatic (Koeppen) monsoon and Indian economic life. मानसून जलवायु, प्रभावित करने वाले कारक, क्रिया विधि आरम्भ विच्छेद एवं निवर्तन, ऋतु लय वर्षा वितरण एवं परिवर्तिता, जलवायु प्रकार (कोपेन), मानसून एवं भारत का आर्थिक जीवन ।
21. Forest- types and distribution. वन - प्रकार एवं वितरण ।
22. Biosphere reserves Soil - Classification (I.C.A.R.) distribution, degradation and conservation. मृदा - वर्गीकरण (आई.सी.ए.आर.) वितरण अवकर्षण एवं संरक्षण ।
23. Hazards - meaning, classification, natural disasters in India, disaster management. आपदाएं - अर्थ, वर्गीकरण, भारत में प्राकृतिक आपदाएं, आपदा प्रबंधन ।
24. Maps: types, Scales - types, construction of Simple linear scale, measuring distance, finding direction and use of symbols. मानचित्र - प्रकार, मापनी प्रकार, साधारण रेखीय मापनी, दूरी मापन, दिशा निर्धारण और सांकेतिक चिन्हों का प्रयोग।
25. Latitude and Longitude - meaning and time determination. अक्षांश एवं देशान्तर - अर्थ एवं समय निर्धारण।
26. Map Projection - types, construction and properties of projection, conical with one standard parallel and cylindrical equal area projections.
27. मानचित्र प्रक्षेप प्रकार, निर्माण एवं विशेषताएं, एक प्रमाणिक अक्षांश शंकवाकार एवं समक्षेत्र बेलनाकर प्रक्षेप । Study of topographic maps (1:50,000 or 1:20,000 maps published by Survey of India); Contour cross section and identification of land forms - slopes, hill, valleys, waterfall, cliff, distribution of settlements. स्थलाकृतिक मानचित्रों का अध्ययन (1: 50,000 या 1: 20,000 पैमाने पर भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित मानत्रित) समोच्च रेखा अनुप्रस्थ काट एवं स्थलाकृतियों की पहचान - ढाल, पहाडी, घाटी, जल प्रपात, भृगु अधिवास वितरण ।
28. Aerial photographs: types & geometry - vertical aerial photographs. वायु फोटोग्राफ प्रकार एवं ज्यामिति, ऊर्ध्वाधर वायु फोटोचित्र ।
29. Satellite imageries, stages in remote sensing data acquisition platform, sensors and data products, (Photographic & digital, identification of physical and cultural features from satellite imageries. उपग्रह बिम्ब, सुदूर संवेदन आंकडों के अर्जन की अवस्थाएँ, प्लेटफार्म, संवेदक एवं सुदूर संवेदक आंकडे (फोटोग्रफिक एवं डिजिटल) उपग्रह बिम्बों से भौतिक एवं सांस्कृतिक लक्षणों की पहचान ।
30. Use of weather instruments: thermometer, wet and dry-bulb thermometer, barometer wind vane, rain guage. मौसम उपकरणों का उपयोग - तापमापी, आर्द्र एवं शुष्क बल्ब तापमापी, वायुदिशा सूचक यंत्र, वर्षा मापक यंत्र,
31. Use of weather Charts: describing pressure, wind and rainfall distribution. मौसम चार्ट्स का प्रयोग - वायुदाब, हवा एवं वर्षा वितरण का वर्णन ।



RajKaj Ref No.:
19899927

32. Human geography - definition, nature, subject matter and significance. मानव भूगोल परिभाषा, प्रकृति विषय क्षेत्र एवं महत्व ।
33. Major tribes in the world - Exkimos, Bushman, Gond, Bhil : their distribution, economic and cultural characteristics. **विश्व** की जनजातियाँ - एस्किमो, बुशमैन, गोंड भील जनजातियों का वितरण, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विशेषताऐं
34. World population - distribution, factor affecting population density. जनसंख्या - वितरण, घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक ।
35. Population growth - causes, problems and solutions, demographic transition theory. जनसंख्या वृद्धि - कारण, समस्या एवं समाधान, जनसंख्या- संक्रमण सिद्वान्त ।
36. Population structure - age group, sex ratio, rural - urban. जनसंख्या संरचना - आयुवर्ग, लिंगानुपात, ग्रामीण नगरीय ।
37. Migration - concept, types aspects and problems. प्रवास - संकल्पना, प्रकार पक्ष एवं समस्याए ।
38. Concepts of human development. मानव विकास संकल्पना।
39. Settlement - types of rural and urban settlements, patterns and problems. अधिवास - ग्रामीण एवं नगरीय अधिवासों के प्रकार, प्रतिरूप एवं समस्याएं।
40. Urban slum - problems and solutions. नगर कच्ची बस्ती -समस्याएं एवं समाधान ।
41. Primary occupations - introduction, agriculture, mining, hunting animal husbandry, fishing and ancestral gathering. . प्राथमिक व्यवसाय - परिचय कृषि, खनन, आखेट, पशुपालन, मत्स्य आदिम संग्रहण ।
42 Secondary occupations - types of industries, determination of industrial location, agro based industries, manufacturing industries. द्वितीयक व्यवसाय - उद्योगों के कारण, औद्योगिक अवस्थिति के कारक,कृषि आधारित उद्योग, विनिर्माण उद्योग ।
43. Tertiary Quaternary and quandary occupations. तृतीयक व्यवसाय, चतुर्थक व्यवसाय एव पंचम व्यवसाय ।
44. Surface transport - principal international roads and railways. भूतल परिवहन - प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय सड़के एवं रेलमार्ग ।
45. Water transport - principal inland and oceanic waterways, ports, suez and panama canal sea routes. जल परिवहन - प्रमुख आन्तकर एवं महासागरीय जलमार्ग, बन्दरगाह स्वेज एवं पनामा नहर जलमार्ग ।
46. Air transport - principal air routes and airports. वायु परिवहन - **विश्व** के प्रमुख वायुमार्ग एवं हवाई अड्डे।
47. International trade and role in India. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं भारत की भूमिका ।
48. Modern means of mass communication satellite, internet, mobile etc. आधुनिक जनसंचार के उपकरण - उपग्रह, इन्टरनेट, मोबाईल आदि।
49. Environmental problems - pollution, acid rain, greenhouse effect, ozone layer depletion. पर्यावरणीय समस्याएं प्रदूषण, अम्ल वर्षा, हरित गृह प्रभाव, ओजोन परत में क्षरण।
50. World environmental summits. वैशविक पर्यावरणीय सम्मेलन ।

51. Resource - Classification conservation and sustainable development. संसाधन - संकल्पना, वर्गीकरण, संरक्षण व पोषणीय विकास ।
52. Non-biotic resource - land, water, minerals (iron ore, copper, aluminum, mica) अजैविक संसाधन - भू, जल, खनिज लोहा, अयस्क, तांबा, एल्यूमिनियम, अभ्रक ।
53. Energy resource - Conventional (coal, petroleum, hydroelectricity) and non conventional (nuclear, organic, wind and solar), ऊर्जा संसाधन - परम्परागत (कोयला, पेट्रोलियम, जल विद्युत) और गैर परम्परागत (आणविक ऊर्जा, जैविक ऊर्जा, पवन एवं सौर ऊर्जा) ।
54. Types of agriculture - subsistence and commercial, wet farming and dry farming, intensive, intensive and dispersed, organic and chemical fertilizers based, horticulture. कृषि के प्रकार - निर्वहन व व्यापारिक कृषि, आर्द्र व शुष्क गहन व विस्तीर्ण कृषि, जैविक उद्यानिकी ।
55. Major crops - distribution and production of wheat, rice, cotton, sugarcane, tea. मुख्य फसलें - गेहूँ, चावल, कपास, गन्ना, चाय का वितरण एवं उत्पादन ।
56. Industrial development in India, major industries - iron-steel, aluminum, cement, cotton textile, sugar and engineering. भारत में **औद्योगिक** विकास, प्रमुख उद्योग लोहा, इस्पात, एल्युमिनियम, सीमेन्ट, सूती वस्त्र, चीनी, एंव इंजीनियरिंग उद्योग ।
57. Regional planning - regional imbalances, desert development programme, tribal area development programme, mountain area development. क्षेत्रीय नियोजन, प्रादेशिक असन्तुलन, मरू विकास कार्यक्रम, जनजातीय विकास कार्यक्रम ।
58. Poverty alleviation and employment programmes, MGNREGA-role and impact. विकास व नियोजन - गरीबी उन्मूलन व रोजगार कार्यक्रम, मनरेगा - भूमिका व प्रभाव ।
59. Sustainable development - traditional and modern viewpoints. पोषणीय विकास - परम्परागत एवं आधुनिक दृष्टिकोण ।
60. Rural development - dairy and cottage industries. ग्रामीण विकास - डेयरी व कुटीर उद्योग ।
61. Major industries - cotton textile, cement. प्रमुख उद्योग - सूती वस्त्र, सीमेन्ट ।
62. Minerals - marble, copper, zinc, silver, tungston, gypsum and petroleum. खनिज - संगमरमर, तांबा, जस्ता चांदी, टंगस्टन, जिप्सम एवं पेट्रोलियम ।
63. Major irrigation projects - Chambal, Indira Gandhi and Mahi. प्रमुख सिंचाई परियोजनायें चम्बल, इन्दिरा गांधी व माही परियोजना।
64. Map - meaning, significance, classfication, thematic maps - dot, choropleth and isopleth maps. मानचित्र: अर्थ, महत्व, वर्गीकरण एवं मानचित्रांकन । थिमैटिक (विषयक) मानचित्र बिन्दु वर्णमात्री एवं समरेखा मानचित्र ।
65. Respresentation of data - construction of diagram: bar, wheel and flow. आँकड़ों का निरूपण आरेखों की रचना - दण्ड आरेख, चक्र आरेख व प्रवाह आरेख ।
66. Geogarphical information system - introduction and applications. भौगोलिक सूचना तंत्र - परिचय एवं अनुप्रयोग

**बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिये जाने के संबंध में अभ्यर्थी से पुष्टि करवाये जाने हेतु ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक में पाँचवा विकल्प के संबंध में निम्नलिखित विशेष निर्देश लागू किये गये है :–**

1. **प्रत्येक प्रश्न के 05 विकल्प A, B, C, D, E. अंकित रहेगें। उनमें से अभ्यर्थी को केवल एक विकल्प को नीले बॉल पेन से गहरा गोल उत्तरपुस्तिका में सही उत्तर दर्शाने हेतु करना होगा।**
   Each question has five options marked as A, B, C, D, E. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.
2. **प्रत्येक प्रश्न के लिये विकल्पों में से केवल एक विकल्प को भरना आवश्यक होगा।**
   It is mandatory to fill only one of the options for each question.
3. **यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रश्न को हल नहीं किया है तो उसके लिये पाँचवा विकल्प E को गोला गहरा करना होगा। यदि पाँचों विकल्पों में से किसी को भी गहरा नहीं किया जाता है तो ऐसे 10 प्रतिशत प्रश्नों तक प्रत्येक प्रश्न के 1/3 अंक घटाये जावेगें।**
   If you are not attempting a question then you have to darken the circle 'E'. If none of the five circles is darkend, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.
4. **प्रश्न पत्र हल करने के बाद अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने प्रत्येक प्रश्न का एक गोला गहरा भर दिया है। इस हेतु परीक्षा के निर्धारित समय के बाद अभ्यर्थी को 10 मिनट अतिरिक्त समय दिया जावेगा।**
   After solving question paper, candidate must ascertain that he\she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the question. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.
5. **जिस अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नो को किन्ही पाँच गोलों में से गहरा नहीं भरने पर उसे अयोग्य किया जावेगा।**
   A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% question shall be disqualifed.

**23.** **<u>बोर्ड की वेबसाईट</u>:–** अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाईट http://rssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध सूचना से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नम्बर 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सचिव**

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर दुर्गापुरा, जयपुर– 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

क्रमांकः प.14(149)RSSB/अर्थना/प्रयो. सहायक/ भर्ती/2025/ दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड का विज्ञापन संख्या ..../2025 **क्रमांकः प. 14(149)RSSB/अर्थना/प्रयो. सहायक/ भर्ती/2025/** दिनांक यथाहस्ताक्षर की प्रतियां प्रेषित करते हुए राजस्थान रोजगार सन्देश, जयपुर के आगामी अंक में विस्तृत विज्ञापन केवल एक बार प्रकाशित कराने हेतु प्रकाशनार्थ भेजा जा रहा है। उक्त समाचार पत्र के विज्ञापन प्रबन्धक से भी अनुरोध है कि बोर्ड का विज्ञापन नवीनतम संस्करण में हर हालात में प्रकाशित करें। साथ ही यह भी अनुरोध किया जाता है कि प्रकाशित विज्ञापन कटिंग की एक प्रति (निःशुल्क) निम्नलिखित पते पर सीधे ही भेजें ताकि प्रकाशित विषय सामग्री की सत्यता की जांच की जा सके। **अर्थना अनुभाग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018**
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. आयुक्त, कृषि(प्रशासन), कृषि आयुक्तालय, जयपुर।
4. आयुक्त, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
5. सचिव, राजस्थान विधानसभा जयपुर।
6. संयुक्त शासन सचिव गृह(ग्रुप–1) शासन सचिवालय, जयपुर।
7. मुख्य अभियंता (प्रशासन) जन स्वा. अभि. विभाग जयपुर।
8. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
9. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राज कॉम इन्फो सर्विस लिमिटेड (आर.आई.एस.एल) प्रथम तल सी ब्लॉक, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम जयपुर–302005 से अनुरोध है कि विस्तृत विज्ञापन को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करें।
10. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB, जयपुर को विज्ञापन बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
11. अर्थना संवीक्षा/मूल्यांकन समिति, RSSB, जयपुर।

**सचिव**



RajKaj Ref No.:
19899927